मतदाता जागरूकता के लिए वाहन रैली

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत वाहन रैली निकालकर 7 मई को आगामी लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और लोगो को मतदान अवश्य करने हेतु शपथ दिलाया गया।

भिलाई निगम क्षेत्र के संतोषी पारा बैकुण्ठधाम मैदान में सैकड़ो वाहन को स्वीप अक्षर के आकार में खड़ा कर जिला प्रशासन में स्वीप के नोडल अधिकारी, जिला पंचायत सी.ई.ओ., निगम भिलाई आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

वाहन रैली नंदिनी रोड, छावनी, खुर्सीपार, पावर हाउस, सम्पूर्ण सेक्टर क्षेत्र का भ्रमण कर सेक्टर 7 स्कूल मैदान पहुॅचा जहाॅ वाहनो को 7 मई लिखे आकार में खड़े कर वहाॅ मौजूद निगम, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी, महिला काॅलेज, मेडिकल काॅलेज के युवाओ को निष्पक्ष निर्भित होकर बिना भेदभाव के मतदान करने का शपथ दिलाया। इसके बाद वाहन रैली को नेहरू नगर माॅल रोड, सुपेला रामनगर, 18 नम्बर सड़क केम्प क्षेत्र के लिए झण्डा दिखाकर रवाना किया गया। वाहन रैली वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 30 कि.मी. परिधि में फेरा लगाकर मतदाता जागरूकता के लिए 7 मई को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए बेनर पोस्टर से सजे वाहन रैली का समापन जी.ई.रोड साक्षरता चौक में किया गया।

रैली में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डाॅ. पुष्पा पुरूषोत्तम, अमीत घोष, संजय बागड़े, अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, सुनील चौधरी, दिप्ती साहू, हिमांशु देशमुख, अजय गौर, विनीता वर्मा, स्वेता वर्मा, धर्मेन्द्र, मिश्रा, श्रीनिवास राव, अजय शुक्ला, रीता चतुर्वेदी, पुरूषोत्तम साहू, शशि भूषण मोहंती, जयकुमार जैन, अनिल मेश्राम, अनिल मिश्रा, व्ही.के.समुवल, अमन पटले, एकता शर्मा, तनवरी अकील सहित काॅलेज के शिक्षक शिक्षिका युवा छात्र एवं समाज सेवी संगठन के लोग शामिल रहे।